आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. चक्रवात अर्नब के संभावित खतरे को देखते हुए गृह मंत्रालय ने दिशा–निर्देश जारी किए, समुद्री गतिविधियों पर निगरानी और आपातकालीन तैयारियां मजबूत करने पर दिया जोर।
2. संयुक्त घोषणा पत्र सर्वसम्मति से अपनाए जाने के साथ 12वां ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन संपन्न, युवा पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए किया आह्वान।
3. अफ्रीकन स्वाइन फीवर के प्रभावों पर अंडमान कॉलेज में जागरूकता सत्र, जनहित में सही जानकारी साझा करने का संदेश।
4. माई भारत रंगत की पहल पर बकुलतला में जुटेंगे युवा, 'विकसित भारत युवा संवाद' के जरिए नेतृत्व, खेल और युवा आकांक्षाओं पर होगा मंथन।

<><><><><><><><>

चक्रवात अर्नब के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सहित 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सतर्क रहने, स्थिति पर नियमित निगरानी रखने और एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, मछली पकड़ने की गतिविधियां पूरी तरह रोकने तथा प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को घरों के भीतर रहने और असुरक्षित इमारतों से दूर रहने की सलाह दी है। सड़क यातायात को सावधानीपूर्वक नियंत्रित करने, जलभराव वाले क्षेत्रों से बचने तथा मोटरबोट और छोटी नौकाओं से समुद्र में आवाजाही न करने की चेतावनी भी दी गई है। मत्स्य विभागों और मछली पकड़ने के बंदरगाहों के अधिकारियों को मछुआरों को सतर्क करने तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की समुद्री चेतावनियों पर नजर रखने को कहा गया है। समुद्री अधिकारियों को संचार व्यवस्था, जहाजों की निगरानी और खोज एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। गृह मंत्रालय ने संबंधित राज्यों से स्थिति में होने वाले बदलावों की जानकारी एकीकृत आपातकालीन नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर 011–2343–8252, 011–2343–8253 और 011–2343–8254 पर देने को भी कहा है।

<><><><><><><><>

12वां ब्रिक्स संसदीय सम्मेलन संयुक्त घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से अपनाए जाने के साथ आज सम्पन्न हो गया। घोषणा पत्र संसदीय सहयोग को और मजबूत करने की ब्रिक्स सदस्य देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लचीलापन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता के चार प्रमुख लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर बल देता है। दो दिवसीय मंच के आज दूसरे और अंतिम दिन लोकसभा अध्यक्ष और 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच के अध्यक्ष ओम बिरला ने संयुक्त घोषणा पत्र सर्वसम्मति से अपनाए जाने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद श्री बिरला ने ब्रिक्स मंच 2027 की अध्यक्षता चीन को सौंप दी। श्री बिरला ने कहा कि वैश्विक शांति से सभी विशेषकर युवा पीढ़ी के बेहतर भविष्य के वादे के साथ सुरक्षा, गरिमा और न्याय की गारंटी होना चाहिए।

<><><><><><><><>

लोक निवास में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए 30 अक्टूबर को जनता दर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जनता दर्शन आयोजित करने की सूचना जारी किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने उपराज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय द्वारा जिला प्रशासन (उत्तर एवं मध्य अंडमान), खेल एवं युवा मामले विभाग तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के सहयोग से 30 और 31 अक्टूबर को वंडूर और रामनगर, डिगलीपुर में आयोजित होने वाले आइलैंड बीच गेम्स को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र श्री विजयपुरम द्वारा जारी प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। आयोजन की नई तिथियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। वंडूर तट पर बीच वॉलीबॉल, रस्साकशी, आर्म रेसलिंग और 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी

9434–290640 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं, रामनगर बीच, डिगलीपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए डिगलीपुर के खंड विकास अधिकारी बिजॉय हलदर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉलीगंज स्थित पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान की वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रजीत कौर ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार, विभागाध्यक्षों, सहायक प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अफ्रीकन स्वाइन फीवर, सूअरों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव तथा जनहित में सही जानकारी प्रसारित करने के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत, रंगत की ओर से उत्तर और मध्य अंडमान ज़िले के बकुलतला स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कल सुबह 10 बजे से युवा संवाद का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद पहल का मुख्य उद्देश्य युवा नागरिकों और सार्वजनिक प्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर लाना है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बाकुलतला के प्रधान नारायण मंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, खेल आइकन प्रोहित बरोई और युवा आइकन देबोजीत हलदर की उपस्थिति भी इस अवसर को विशेष बनाएगी, जिससे युवाओं को सार्वजनिक नेतृत्व, खेल और उनकी आकांक्षाओं पर सार्थक चर्चा का अवसर मिलेगा। विकसित भारत @2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए यह पहल युवाओं की शक्ति को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रखने के लिए प्रेरित करती है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. दिपोन शर्मा को अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ के प्रजाति उत्तर जीविता आयोग के अंतर्गत मशरूम, ब्रैकेट और पफबॉल विशेषज्ञ समूह में वर्ष 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए सदस्य नियुक्त किया गया है। स्विट्जरलैंड स्थित आई यू सी एन विश्व स्तर पर संकटग्रस्त प्रजातियों की रेड लिस्ट तैयार करने के लिए जाना जाता है। जे एन आर एम की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास सहित संस्थान के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने इस महत्वपूर्ण वैश्विक उपलब्धि पर डॉ. शर्मा को बधाई दी है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, श्री विजयपुरम में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए फाउंडेशन कोर्स विषय में अतिथि संकाय के पैनल में शामिल करने हेतु मेरिट सूची कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट tgce.and.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। सूची कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की गई है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से 70वीं एस जी एफ आई राष्ट्रीय विद्यालय फुटबॉल चैंपियनशिप के आयोजन को लेकर 22 अक्टूबर को बैठक आयोजित की गई। राज्य पुस्तकालय के सम्मेलन कक्ष में दोपहर 3 बजे आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अंडमान एवं निकोबार प्रशासन की शिक्षा एवं खेल सचिव ज्योति कुमारी ने की। चैम्पियनशिप में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों की 70वीं राष्ट्रीय विद्यालय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 20 दिसंबर तक राजधानी श्री विजयपुरम में किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से नवम्बर–दिसम्बर माह में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। लड़के, लड़कियों, पुरुष और महिला श्रेणी मे विभिन्न आयु–वर्ग के टूर्नामेंट नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू होंगे। इस संबंध में सभी टीम अधिकारियों, टीम प्रमुखों और संबंधित प्रतिनिधियों से टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए अपनी टीमों का पंजीकरण कराने को कहा गया है। पंजीकरण के लिए गूगल फॉर्म एसोसिएशन के संयुक्त सचिव के पास उपलब्ध हैं। इसके अलावा

एसोसिएशन की ओर से अंडमान प्रीमियर लीग भी आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जानकारी बाद में दी जाएगी।

<><><><><><><><>